कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 28.02.2025

विषयः- डीसीएम ट्रक संख्या UP16GT5012 में लदी 320 पेटियों में (2949 बीएल कीमती करीब 25 लाख) अवैध शराब की खेप के साथ 01 नफर शराब तस्कर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त वाहन पुलिस ने किया सीज।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने एवं अपराधों की रोकथाम तथा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक- 28.02.2025 को लंका पुलिस टीम द्वारा नेत्रोदय अस्पताल के पास नेशनल हाइवे से अभियुक्त 1. आलोक पुत्र अवधेश कुमार नि0 सुरजपुर थाना कुरावली जिला मैनपुरी उ0प्र0 उम्र करीब 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद डीसीएम वाहन में लदी कुल 320 पेटियों से 2949 बीएल अवैध शराब बरामद हुयी जिसके सम्बन्ध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः- दिनांक 28.02.2025 को दौराने चेकिंग संदेह के आधार पर डीसीएम ट्रक चालक को रुकने का इशारा किये जाने पर ट्रक को मोड़कर भागने का प्रयास किये जिसे घेरघार कर पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया पूछताछ एवं वाहन की तलाशी ली गयी तो उपरोक्त वाहन में अंग्रेजी शराब की 128 पेटी मेक डावल्स न01 बोतल मात्रा 750 ML, 69 पेटी मेक डावल्स न01 हाफ मात्रा 375 ML, 89 पेटी मेक डावल्स न01 क्वार्टर मात्रा 180ML व 34 पेटी बीयर मात्रा 500ML की पेटी कुल 320 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर (2949 बीएल) कीमती करीब 25 लाख बरामद हुई।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त पूछताछ में बता रहा है कि मैं वाहन स्वामी के साथ मिलकर अवैध शराब व बीयर की तस्करी करता हूँ। इससे जो लाभ मिलता है मै और ट्रक का मालिक आपस मे बाट लेते है। चूंकि बिहार में शराब बन्दी है इसलिए हमलोग पंजाब से शराब खरीद कर गाड़ियों में लादकर चोरी छिपे बिहार ले जाकर ऊँचे दाम पर बेच देते हैं जिससे हमलोगों को अच्छा लाभ मिल जाता है। आज मै शराब लेकर बिहार जा रहा था कि पकड़ा गया।

पंजीकृत अभियोग का विवरण –

1. मु0अ0सं0- 0073/2025 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता- आलोक पुत्र अवधेश कुमार नि0 सुरजपुर थाना कुरावली जिला मैनपुरी उ0प्र0 उम्र करीब 36 वर्ष।

<u>विवरण बरामदगी-</u> एक अदद डीसीएम ट्रक वाहन संख्या UP16GT5012 से 320 अवैध पेटी शराब जिसमे 286 पेटी मेक डावल्स न01अंग्रेजी शराब व 34 पेटी प्रोस्ट सुप्रीम बीयर , अंग्रेजी शराब मे 128 पेटी मेक डावल्स न01 बोतल 750 ML, 69 पेटी मेक डावल्स न01हाफ 375 ML ,89 पेटी मेक डावल्स न01 क्वार्टर 180ML व 34 पेटी बीयर 500ML कुल अवैध शराब व बीयर की मात्रा - 2949 बीएल कीमत करीब 25 लाख रुपये बरामद ।

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान</u>- दिनांक- 28.02.2025 स्थान- नेत्रोदय अस्पताल के सामने, नेशनल हाइवे, थाना क्षेत्र लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 मनोज राय, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
4. का0 राजेश कुमार, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
5. का0 दीपक मौर्या, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
6. रोशन कुमार, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
7. का0 हरिनिवास, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
8. का0 आषीष तिवारी, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
9. का0 कमल सिंह यादव, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

नोटः- श्रीमान पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमि0 वाराणसी महोदय द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए पुलिस कर्मियों को 25000 रुपये की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की गयी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।